जय-तिथि-पत्रक

श्री वीर-निर्वाण संवत्
२५४१-२५४२
विक्रम संवत् २०७२

तेरापंथ संवत्
२५५-२५६
ईस्वी सन् २०१५-२०१६

सम्पादक : 'मंत्री मुनि' मुनि सुमेरमल

जैन विश्व भारती
लाडनूं - 341306 (राजस्थान)
दूरभाष : 01581-226025, 224671, 226080, फैक्स : 01581-227280
E-mail : jainvishvabharati@yahoo.com, Visit us at : www.jvbharati.org

अहिंसा यात्रा

₹15

विकास के इच्छुक व्यक्ति के लिए आवश्यक है कि
वह अपने जीवन के अमूल्य समय एवं श्रम को
स्वाध्याय में व्यतीत करें।

- आचार्य महाश्रमण

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

भीकमचंद जीतमल चोरड़िया

बीदासर

J. M. JAIN

Cloth Merchant & Commission Agents

2285/9, Gali Hinga Beg, Tailak Bazar, Delhi - 110 006
Ph. : 23911055, 23961961, 32909508, 22081961, 22084393, 32911629
E-mail : jmjain_delhi@yahoo.com

एक अच्छा संकल्प भी अनेक समस्याओं से बचाने वाला हो सकता है।
अपेक्षा है कि उसका निष्ठा के साथ पालन हो।
वह तुम्हारा अभिन्न मित्र व सच्चा मित्र होगा।

– आचार्य महाश्रमण



IMAGE Insurance

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

जेठमल मेहता, रोहित मेहता

दिल्ली

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

तपस्या का स्वरूप केवल अनाहार ही नहीं है।
उसके भीतर कितने रहस्य हैं,
उन्हें समझने का प्रयास करो।
वे समझ में आ जाएंगे तो तुम्हारी तपस्या के प्रति
आस्था भी बढ़ जाएगी।

-आचार्य महाश्रमण

श्रद्धावनत

अमरचंद धरमचंद लुंकड़

राणावास - चेन्नई

आशीर्वचन

नव वर्ष पर आचार्यश्री महाश्रमण की जैन विश्व भारती पर अमृत वर्षा

"आज यहां जैन विश्व भारती के कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं। उनकी मीटिंग भी रखी हुई है। जैन विश्व भारती एक **'कामधेनु'** है, जिसे गुरुदेव तुलसी ने **'कामधेनु'** कहा था। कितनी–कितनी गतिविधियां उसके द्वारा चल रही है और जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट (मान्य विश्वविद्यालय) भी उससे जुड़ा हुआ है। मैं तो यों सोचा करता हूं कि मां–बेटे का संबंध है। जैन विश्व भारती मां है तो जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट उसका सुपुत्र है। मां का काम है पुत्र का ध्यान रखना और पुत्र का काम है मां का ध्यान रखना। पहले मां–बाप बच्चों का ध्यान रखते हैं, पालते–पोसते हैं, पढ़ाते हैं, लिखाते हैं, बाद में बच्चों का फर्ज है मां–बाप का ध्यान रखना। इस प्रकार जैन विश्व भारती एवं जैन विश्व भारती इंस्टीट्यूट का मां–बेटे का संबंध है।

जैन विद्या की सेवा जैन विश्व भारती के द्वारा हो रही है। साहित्य के क्षेत्र में बहुत बड़ा काम हो रहा है, आगमों का काम हो रहा है, सेवा का काम हो रहा है। हमारी समणियां जैन विश्व भारती में ही आवास ले रही है, हमारे कितने वृद्ध संत जैन विश्व भारती सेवाकेन्द्र में विराजित हैं। मुमुक्षु बहिनें, उपासिकाएं भी जैन विश्व भारती के परिसर में आवासित हैं। कितने–कितने आयाम, कितनी–कितनी गतिविधियां जैन विश्व भारती में है। अध्यक्ष धरमचंदजी लुंकड़, बच्छराजजी नाहटा आदि जैसे कार्यकर्ता संस्था से जुड़े हुए हैं, वे जैन विश्व भारती को और अधिक आध्यात्मिक दृष्टि से आगे बढ़ाने का, शैक्षिक दृष्टि से आगे बढ़ाने का प्रयास करें, खूब अच्छा चिंतन–मनन करें और अच्छा चिंतन, अच्छा निर्णय और अच्छी क्रियान्विति हो। केवल चिन्तन हो जाये और निर्णय न हो तो पूरा काम नहीं होता। निर्णय भी हो जाये और क्रियान्विति नहीं हो तो भी पूरा काम नहीं होता। चिंतन, निर्णय और क्रियान्विति तीनों में ज्यादा फासला नहीं होना चाहिए। परमपूज्य गुरुदेव तुलसी ने फरमाया था कि चिंतन, निर्णय और क्रियान्विति में अनअपेक्षित ज्यादा फासला नहीं होना चाहिए। चिंतन किया, फिर निर्णय करो, निर्णय किया फिर यथासमय क्रियान्विति करें।

जैन विश्व भारती एक गौरवशाली संस्था है। आचार्यश्री महाप्रज्ञजी का मार्गदर्शन उस संस्था को मिला है और तेरापंथ समाज के पास इतनी बड़ी

संस्था का आना एक प्रकार से समाज का मानो भाग्य है, तब इतनी बड़ी संस्था समाज के हाथ में आती है। यह संस्था अब तो युवावस्था में है। इस संस्था के द्वारा मानव जाति का कल्याण हो, इस संस्था के द्वारा जैन विद्या का खूब प्रचार–प्रसार हो। इस संस्था के द्वारा साहित्य के माध्यम से लोगों में ज्ञान वृद्धि हो और लौकिक सेवा का काम भी चल रहा है, जो समाज के लिए महत्वपूर्ण होता है। जैन विश्व भारती से तीन विद्यालय सीधे साक्षात जुड़े हुए हैं, उसके अन्तर्गत हैं तो स्कूलों के माध्यम से भी विद्यार्थियों को अच्छा नैतिक ज्ञान मिलें, जीवन विज्ञान, जैन विद्या आदि का ज्ञान मिले। इस प्रकार जैन विश्व भारती, जिसे कामधेनू कहा जाये और जयकुंजर (विशालकाय हाथी) कहा जाये, कुछ भी कह दें, अपने आप में बहुत बड़ी संस्था है। लाडनूं जैसे सामान्य कस्बे में बड़ी संस्था है। लाडनूं सामान्य भले हो लेकिन गुरुदेव तुलसी की जन्मभूमि होने का गौरव उस शहर, उस नगर को प्राप्त है। गुरुदेवश्री तुलसी की जन्मभूमि के साथ जन्मभूमि पर जैन विश्व भारती और जैन विश्व भारती संस्थान है। ये संस्थान खूब अच्छा विकास करें। कितने–कितने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के माध्यम से ज्ञान–दान प्राप्त हो रहा है और उसकी कुलपति भी हमारी शिष्या समणी चारित्रप्रज्ञाजी है। समणीजी भी खूब अच्छा काम करती रहे, इंस्टीट्यूट को आगे बढ़ाने का प्रयास करती रहे। आध्यात्मिक, शैक्षिक दृष्टि से विश्वविद्यालय भी विकास करे। जैन विश्व भारती की छत्रछाया उसको मिलती रहे, साया उसको मिलता रहे और दोनों संस्थाएं खूब अच्छा विकास करे।"

अहिंसा यात्रा
सद्भावना • नैतिकता • नशामुक्ति

अणुव्रत अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण जी
की अहिंसा यात्रा मंगलमय हो

श्रद्धाप्रणत
जैन विश्व भारती परिवार

अहिंसा यात्रा
सद्भावना • नैतिकता • नशामुक्ति

प्रकाशकीय

जैन विश्व भारती के समण संस्कृति संकाय द्वारा विगत 37 वर्षों से मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर जय-तिथि-पत्रक का प्रकाशन प्रतिवर्ष निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में 151वें मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर संवत् 2072 का जय-तिथि-पत्रक सुधी पाठकों के हाथों में प्रस्तुत करते हुए हमें हार्दिक प्रसन्नता है। जय-तिथि-पत्रक में ज्योतिषीय सूचनाओं, विशेष पर्वों, महत्त्वपूर्ण दिवसों व अनुष्ठानों के साथ-साथ संस्थाओं एवं विभिन्न संघीय गतिविधियों, कार्यक्रमों आदि से संबंधित उपयोगी सामग्री प्रकाशित की गई है।

परमाराध्य आचार्यप्रवर के निर्देशानुसार तेरापंथ दर्शन मनीषी 'मंत्रीमुनि' मुनिश्री सुमेरमलजी (लाडनूं) ने जय-तिथि-पत्रक संपादन के गुरुतर दायित्व का सम्यक् निर्वहन करते हुए दैनंदिन आवश्यकता की ज्योतिषीय सूचना-सामग्री प्रस्तुत करने की कृपा की है, हम मंत्री मुनिश्री के प्रति हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। मुनिश्री उदितकुमारजी के महनीय मार्गदर्शन हेतु हार्दिक कृतज्ञता। श्री जीतमल नाहटा, कोलकाता का सामग्री संकलन कार्य में सहयोग प्राप्त हुआ, तदर्थ हार्दिक आभार।

जय-तिथि-पत्रक के प्रकाशन के लिए हमें अनेक महानुभावों का आर्थिक सौजन्य प्राप्त हुआ है। उनका उदार सहयोग-भाव संस्था की प्रवृत्तियों को गतिशील रखने में योगभूत बनता है। सभी अनुदानदाताओं के प्रति हम हार्दिक आभार ज्ञापित करते हैं। प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्य में सहयोगी सभी महानुभावों के सहयोग हेतु आभार।

विश्वास है कि जय-तिथि-पत्रक की सामग्री सभी उपयोगकर्ताओं के लिए महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी सिद्ध होगी तथा इसमें प्रस्तुत सामग्री से उपयोगकर्ता त्याग-प्रत्याख्यान के लिए प्रेरित होंगे।

निलेश बैद
निदेशक, समण संस्कृति संकाय

02 जनवरी, 2015

धरमचंद लुंकड़
अध्यक्ष, जैन विश्व भारती

अध्यक्ष की कलम से

तेरापंथ के ग्यारहवें अधिशास्ता परमपूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी की कृपा दृष्टि व आशीर्वाद से मुझे तेरापंथ की प्रतिष्ठित संस्था और समाज की कामधेनु जैन विश्व भारती के अध्यक्ष पद पर पदासीन होकर धर्मसंघ की सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जैन विश्व भारती समाज की एक गौरवपूर्ण संस्था है। धर्मसंघ के तीन–तीन महान आचार्यों का पावन पथदर्शन एवं सुदीर्घ सान्निध्य इस संस्था को प्राप्त हुआ है। समाज के अनेकानेक कार्यकर्ताओं ने अपनी श्रम बूंदों से जैन विश्व भारती को पूज्यवरों के स्वप्नों के अनुरूप समाज की कामधेनू के रूप में प्रतिष्ठित करने का सार्थक प्रयास किया है। मैं उन सभी नींव के पत्थर कार्यकर्ताओं एवं पूर्व सभी पदाधिकारियों को याद करता हुआ उनके प्रति अत्यन्त आदर के भाव प्रकट करता हूं।

जैन विश्व भारती की वर्तमान टीम के कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो गये हैं। इन 100 दिनों में आचार्यप्रवर की कृपादृष्टि, आशीर्वाद व महनीय मार्गदर्शन एवं चारित्रात्माओं व समणीवृंद के पावन दिशाबोध, टीम की एकजुटता एवं संपूर्ण समाज के सहयोग से विकास के कुछ कदम आगे बढ़ाए हैं। मैं सर्वप्रथम पूज्यप्रवर के श्रीचरणों में अपनी तथा पूरी टीम की ओर से अनन्त–अनन्त श्रद्धा समर्पित करता हुआ हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। चारित्रात्माओं व समणीवृंद के दिशाबोध हेतु कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। पूरी टीम के समन्वय भाव एवं उल्लेखनीय सहयोग हेतु हार्दिक आभार ज्ञापित करता हूं। संपूर्ण समाज के सहयोग हेतु आभार ज्ञापित करता हूं।

पद एक व्यवस्था होती है। मैं व्यवस्थागत दृष्टि से जैन विश्व भारती का अध्यक्ष बना हूं लेकिन कार्य की दृष्टि से कार्यकर्ता की तरह हम सब समान हैं। संस्था का विकास सबके समन्वित सहयोग, सद्भावना एवं सामूहिक प्रयास से ही संभव हो सकता है। मैं संपूर्ण समाज को जैन विश्व भारती की सभी गतिविधियों के विकास में यथाशक्ति तन–मन–धन व चिंतन से सहयोग एवं सहभागिता का सादर निवेदन करता हूं। संस्था के विकास हेतु सभी के सकारात्मक विचारों व सुझावो का स्वागत है।

आईये! हम सब मिलकर जैन विश्व भारती के कल्पनाकार गणाधिपति पूज्य गुरुदेव श्री तुलसी की इन पंक्तियों के साथ एवं परमपूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन दिशा–निर्देशन में जैन विश्व भारती के विकास में योगभूत बनने का संकल्प करें–

प्रभो! तुम्हारे पावन पथ पर जीवन अर्पण है सारा।

बढ़े चलें हम रूकें न क्षण भी, हो यह दृढ़ संकल्प हमारा।।

02 जनवरी 2015

धरमचंद लुंकड

अध्यक्ष

मर्यादा महोत्सव स्थल : कानपुर

गंगा तट पर सन् 1217 के आस-पास चन्देलवंशीय राजा कान्हादेव ने 'कान्हापुर' नामक बस्ती की स्थापना की। ब्रिटिश काल में बढ़ते औद्योगिकीकरण ने प्राचीन कान्हापुर को आधुनिक भारत में कानपुर के नाम से प्रतिष्ठित स्थान दिलाया। कानपुर नगर की सीमाओं को उत्तर में गंगा नदी, दक्षिण में बाईपास रोड, पूर्व में चकेरी व पश्चिम में कल्याणपुर से रेखांकित किया जा सकता है जिसमें बिल्हौर व घाटमपुर की तहसीलों को भी शामिल किया है। उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नगरी कानपुर की पहचान विश्व में मेनचेस्टर ऑफ इस्ट के नाम से थी। कानपुर की विश्व प्रसिद्ध लाल इमली, एल्गिन मिल, स्वदेशी कॉटन मिल, लक्ष्मी रतन कॉटन मिल, कानपुर टेक्सटाइल मिल, औद्योगिक क्षेत्र में अपना विशिष्ट स्थान रखती थी।

ऐतिहासिक व पौराणिक दृष्टि से बिठूर, जाजमऊ, मूसा नगर व कन्नौज आदि महत्त्वपूर्ण स्थल रहे। सन् 1786 में कानपुर का प्रथम कारखाना डिस्टलरी था। 3 मार्च 1859 को कानपुर-इलाहाबाद रेल लाईन शुरू हुई थी। 1860 में प्रथम सूती कपड़ा मिल–एल्गिन मिल की स्थापना की गई। सन् 1890 में कानपुर में टेलीफोन व्यवस्था प्रारम्भ हुई। कानपुर का आधुनिकीकरण अपने निखार पर था जब 1906 में पहली बार शहर में बिजली की रोशनी हुई। कानपुर के नाना साहब, तात्या टोपे, गणेश शंकर विद्यार्थी ने स्वतंत्रता संग्राम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

शैक्षिक क्षेत्र में भी कानपुर अग्रणी है। दयानन्द शिक्षा संस्थान, चन्द्रशेखर आजाद कृषि कॉलेज, आई. आई. टी. और छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय विश्वविख्यात हैं। कानपुर अनेक रंग मंच, रामलीला मंचन, ललित कलाओं व विद्याओं का केन्द्र भी है। जोधपुर के भंडारी परिवार द्वारा निर्मित जैन काँच मन्दिर पूरे भारत में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। जे. के. समूह द्वारा निर्मित जे. के. मन्दिर, कमला रिट्रीट, विश्व प्रसिद्ध क्रिकेट मैदान ग्रीन पार्क की भी अपनी एक गौरवमयी पहचान है।

तेरापंथ और कानपुर

कानपुर धार्मिक दृष्टि से भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थल रहा है। 1957 में सरदारशहर मर्यादा महोत्सव में उत्तर प्रदेश के खाद्य व

न्यायमंत्री श्री लक्ष्मीशंकरजी ने कानपुर के जैन समाज के साथ आचार्यश्री तुलसी के दर्शन किये। आचार्यश्री को उत्तर प्रदेश में पधारने की जोरदार विनती की। आचार्यश्री ने जयपुर में उत्तर प्रदेश की ओर विहार करने की घोषणा की। जे. के. समूह के सर पदमपतजी सिंहानिया ने कन्नौज में जैन समाज के साथ आचार्यश्री के दर्शन किये और आचार्यश्री को कानपुर चातुर्मास करने का निवेदन किया। आचार्यश्री ने कहा–'सिंहानियाजी! कानपुर में समाज के पास ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जहां चातुर्मास हो सके।' इस पर सर पदमपतजी ने खड़े होकर निवेदन किया–'मेरी बिरहाना रोड पर नवनिर्मित अस्पताल की बिल्डिंग तैयार है, वहां पर आप चातुर्मास करावें।' इस पर आचार्यश्री ने कानपुर चातुर्मास करने का निर्णय लिया।

आचार्य तुलसी का कानपुर चतुर्मास

कानपुर से विहार करके 3 मई को उन्नाव होते हुए आचार्यश्री लखनऊ पहुंचे। लखनऊ में मुख्यमंत्री सम्पूर्णानन्दजी ने आपका स्वागत किया और आपके आग्रह पर आचार्यश्री मुख्यमंत्रीजी के आवास पर पधारे। लखनऊ से विहार कर पुनः 26 जून 1958 को विशाल जुलूस के साथ कानपुर में चातुर्मास हेतु बिरहाना रोड स्थित जे. के. द्वारा नवनिर्मित कमलापति मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रवेश किया। वहां पर स्वागत समरोह की अध्यक्षता सर पदमपतजी सिंहानिया ने स्वयं की। कार्यक्रम में कानपुर के प्रसिद्ध उद्योगपति श्री मंगतरामजी जयपुरिया, पूर्णचन्द्र गुप्ता, रामरतन गुप्ता, गिल्लूमलजी बजाज, दानमल रामपुरिया एवं प्रसिद्ध साहित्यकार परिपूर्णनन्द वर्मा, इन्कम टैक्स एडवोकेट सलाहकार श्री इन्द्रजीत जैन की सहभागिता रही।

चातुर्मास में धर्मचन्द्रजी, भंवरलालजी सेठिया परिवार का विशेष योगदान रहा, चातुर्मास की व्यवस्था का पूरा भार सेठिया परिवार ने उठाया था, उस समय कानपुर में लगभग 15 परिवार तेरापंथी थे जिनमें मांगीलालजी बैंगानी, मगनलालजी बैंगानी, शुभकरणजी जैन, बच्छराजजी मनोत, अमोलकचन्द्रजी दूगड़, कानमलजी सेठिया, कस्तूरचंदजी बरमेचा प्रमुख थे। इसके अलावा हरियाणा के अग्रवाल परिवार के मोतीबाबू अग्रवाल, लक्ष्मणदासजी अग्रवाल व मुन्ना बाबू अग्रवाल, सूरजभान अग्रवाल ने सपरिवार गुरुधारणा स्वीकार की। इन परिवारों की चातुर्मास के सभी कार्यक्रमों में अच्छी सहभागिता थी। इस चातुर्मास में श्री दिनेशकुमारजी तथा श्री महेशकुमारजी की मुनि दीक्षाएं भी हुई। इस चातुर्मास में अणुव्रत की गूंज औद्योगिक नगरी के

उद्योगपतियों से लेकर मजदूरों के बीच तक गुंजायमान रही। मुख्यमंत्री सम्पूर्णानन्दजी, चन्द्रभान गुप्ता एवं मंत्री मण्डल के अनेक मंत्री और विधान सभा के अध्यक्ष ने भाग लिया। सबसे उल्लेखनीय घटना उत्तर प्रदेश विधान सभा में अणुव्रत के समर्थन में विधेयक पेश हुआ और विधान सभा से अणुव्रत आन्दोलन को व्यापक समर्थन भी मिला।

आचार्यों की कृपादृष्टि सदैव इस क्षेत्र पर रही है, 1959 में साध्वी कमलूजी, 1964 में मुनिश्री धनराजजी, 1970 में साध्वी मोहनकुमारीजी, 1994 में साध्वी धनकुमारीजी और 1975 में साध्वी राजीमतीजी का चातुर्मास हुआ। सन् 1977 में मुनिश्री कन्हैयालालजी, 1987 में और 1993 में साध्वी रतनकुमारीजी तथा 1991 में और 1995 में साध्वी सूरजकुमारीजी का चातुर्मास हुआ। सन् 2000 में साध्वी सोमलताजी, सन् 2005 में साध्वी पीयूषप्रभाजी तथा 2012 में साध्वी प्रमिलाकुमारीजी का चातुर्मास हुआ था। समय-समय पर कानपुर समणी केन्द्र भी बनता रहा है।

कानपुर के श्रावकों की गुरु के प्रति श्रद्धानिष्ठा व संघनिष्ठा अटूट रही है। समय-समय पर आचार्यों द्वारा श्रावकों को संबोधन प्राप्त होता रहा है–इनमें श्री कानमलजी सेठिया–श्रद्धानिष्ठ श्रावक, श्री अमोलकचंद्रजी दूगड़–शासनसेवी, श्री शुभकरणजी दूगड़–श्रद्धानिष्ठ श्रावक, श्री चंदनमलजी सुराना–कल्याण मित्र, श्री कस्तूरचंद्रजी बरमेचा–श्रद्धानिष्ठ श्रावक।

इसके अलावा श्री भंवरलालजी बैंगानी, श्री धनराजजी बैंगानी, मांगीलालजी बोथरा, चंपालालजी भूतोड़िया, तुलसीरामजी सेठिया, जतनसिंहजी मुड़िया की सेवाएं भी उल्लेखनीय रही है।

वर्तमान में कानपुर में 95 तेरापंथी परिवार तथा लगभग 2000 जैन परिवार है। आचार्यवर ने महती कृपा कर 151वें मर्यादा महोत्सव के आयोजन का अवसर प्रदान किया है। सम्पूर्ण तेरापंथ समाज ही नहीं अपितु कानपुर का जनमानस उत्सुकता व उल्लास के साथ आचार्यप्रवर का ससंघ पधारने का इंतजार कर रहा है।

गणेशमल जम्मड़
संयोजक
09839030212

धनराज सुराणा
मंत्री
09839035938

टीकमचन्द सेठिया
आयोजन समन्वयक
09336814379

आचार्य महाश्रमण मर्यादा महोत्सव व्यवस्था समिति, कानपुर

चातुर्मासिक क्षेत्र विराटनगर : इतिहास के झरोखे से

राजा विराट के नाम पर बना विराटनगर

नेपाल देश का विराटनगर शहर अति प्राचीन एवं ऐतिहासिक नगर है। इस नगर में पौराणिक काल में विराट राजा का दरबार था। विराट राजा के नाम से इसका नाम विराटनगर रखा गया ऐसा यहां के जनमानस में विश्वास है। विराटनगर नेपाल के पांच विकास क्षेत्र में से पूर्वाञ्चल विकास क्षेत्र के कोशी अंचल, मोरंग जिला में अवस्थित है। मोरंग जिला का दक्षिण पश्चिम क्षेत्र भारत की जोगबनी सीमा से जुड़ा हुआ है। यह शहर नेपाल का दूसरा बड़ा शहर तथा पूर्वाञ्चल का औद्योगिक, व्यापारिक तथा प्रशासनिक केन्द्र के रूप में प्रसिद्ध है। पूर्व में सिंगियाही नदी, पश्चिम में केशलिया नदी, उत्तर में टंकीसिनुवारी गाउं विकास समिति और दक्षिण में भारत की सीमा से जुड़ा हुआ यह शहर लगभग 60 वर्ग किलोमीटर समतल भू-भाग में फैला हुआ है। विराटनगर की लगभग तीन लाख आबादी है। यहां जैन समाज के लगभग 300 परिवार है जिनमें से 250 परिवार तेरापंथी है। इस शहर में अनेक पुस्तकालय, धर्मशाला, अतिथि भवन, निजी तथा सरकारी चिकित्सालय एवं नर्सिंग होम, आयुर्वेदिक, होमियोपैथिक चिकित्सालय आदि है। यहां जन्मे व्यक्तियों ने चाहे देश के किसी भी कोने में कार्य करते हों उन्होंने जन्मभूमि को याद रखा। विविध सार्वजनिक संस्थाओं का गठन करके तथा अपने पूर्वजों के नाम पर ट्रस्ट बनाकर शिक्षा, चिकित्सा, अतिथि भवन तथा अनेकों सेवामुखी कार्यों में अपना योगदान देकर जुड़े रहे हैं। विराटनगर के विकास में यहां के तेरापंथी परिवारों का विशेष योगदान रहा है। यहां साम्प्रदायिक सौहार्द अनुकरणीय है। व्यापारिक, धार्मिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक दृष्टि से विराटनगर का अपना एक उच्च स्थान रहा है।

नेपाल का विकास

नेपाल का पहला औद्योगिक शहर होने का गौरव विराटनगर को प्राप्त है। लगभग 500 से ज्यादा उद्योग यहां संचालन में है। विराटनगर जूट मिल की स्थापना में श्री रामलाल गोल्छा का विशेष योगदान रहा। उन्होंने अनेक उद्योगों की नींव रखी। विराटनगर के पुराने तेरापंथी परिवारों में सेठिया परिवार, गोल्छा परिवार, दूगड़ परिवार, नौलखा परिवार, धाड़ेवा परिवार, लूणिया परिवार, सुराणा परिवार, भंसाली परिवार, लालवानी परिवार, गोतानी परिवार, कोठारी परिवार, कोचर परिवार, डागा परिवार आदि अन्य अनेक परिवारों का विराटनगर के औद्योगिक, व्यापारिक और कृषि क्षेत्र में विकास तथा धार्मिक कार्य में योगदान रहा है। विराटनगर एक परिवहन तथा वाणिज्य केन्द्र भी है। यहां से भारत तथा अन्य अनेक देशों के साथ व्यापारिक सामान निर्यात होता है।

विराटनगर और तेरापंथ

नेपाल तथा विराटनगर में सभी धर्मों के साधु-संतों के समय-समय पर होने वाले समागमन से विराटनगर अपनी आध्यात्मिकता के कारण विख्यात है। नेपाल में तेरापंथ की राजधानी कहलाने वाला विराटनगर शहर कई विशेषताओं के लिए जाना जाता है। सर्वप्रथम नेपाल में वि.सं. 2009 में विराटनगर में तेरापंथी सभा का गठन हुआ। वि.सं. 2021 में मुनिश्री धनराजजी (लाडनूं) का नेपाल आगमन और सर्वप्रथम विराटनगर में चातुर्मास प्रभावकता के साथ सम्पन्न हुआ। वि.सं. 2034 में विराटनगर सभा ने जमीन खरीद कर अपना तेरापंथ भवन बनाया। भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. मातृकाप्रसाद कोइराला के सभापतित्व में विराटनगर में अणुव्रत प्रचार प्रसार समिति का गठन हुआ था, उस समिति के सचिव स्व. हुलासचन्द गोल्छा थे। अणुव्रत समिति द्वारा समय-समय पर आयोजित कार्यक्रम विशेष प्रभावी रहते थे। सभी जाति, वर्ग, सम्प्रदायों के व्यक्ति मिलकर भाग लेते थे। वि.सं. 2022 के बाद अनेक विद्वान् मुनिश्री, साध्वीश्री तथा समणीवृंद के विराटनगर में प्रवास एवं चातुर्मास हुए हैं। संघीय गतिविधियों में भी नियमित सहभागिता रही है। विराटनगर की तेरापंथी सभा ने वि.सं. 2060 में अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरा करने पर स्वर्ण जयन्ती वर्ष का आयोजन किया। तेरापंथी महासभा के तत्कालीन अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र चोरड़िया तथा उनकी कार्यसमिति के अनेक पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की थी। तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ युवक परिषद् सक्रियता के साथ संघीय कार्य करते रहे हैं। ज्ञानशाला नियमित चल रही है।

तेरापंथ धर्मसंघ में विराटनगर की श्रमण परम्परा के रूप में प्रतिनिधित्व की शुरूआत गोतानी परिवार से समणी शारदाप्रज्ञाजी की दीक्षा से हुई थी। उसके बाद पुगलिया परिवार से समणी विशदप्रज्ञाजी एवं समणी श्रेयसप्रज्ञाजी ने दीक्षा ली। उसके बाद साध्वीश्री त्रिशलाकुमारीजी ने श्रीमती इन्दरादेवी कुण्डलिया को 29 फरवरी 2011 को संथारा करवाया तथा 5 मार्च 2011 को जैन भागवती दीक्षा प्रदान की तथा उनको साध्वी अमृतश्रीजी नाम प्रदान किया गया। उन्हें 40 दिन का संथारा आया था। समणी विशदप्रज्ञाजी को साध्वी दीक्षा प्रदान की गई और उनको विशदचेतनाश्री नाम प्रदान किया गया।

विराटनगर का तेरापंथ समाज पूर्ण रूप से संगठित एवं मर्यादित है। समाज के अनेक वरिष्ठ श्रावकों ने तन-मन-धन से सेवा कर समाज विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया, अपनी कर्मणा शक्ति से विराटनगर में तेरापंथ की नींव को मजबूती प्रदान करने का प्रयास किया। समूचा समाज ऐसे कर्मशील एवं श्रद्धाशील श्रावकों के प्रति गौरव की अनुभूति करता है। यह क्षेत्रीय एवं सुविधाओं की दृष्टि से छोटा हो सकता है परन्तु श्रद्धा एवं समर्पण की भावना की दृष्टि से बहुत विशाल है। यहां के अनेक श्रावकों ने अपनी सेवा भावना से एक विशिष्ट पहचान बनाई है। अनेकानेक प्रबुद्ध श्रावकों ने तेरापंथ समाज की केन्द्रीय संस्थाओं के

सर्वोच्च पदों पर रहते हुए अपने दायित्व का निर्वहन कर अपनी सेवाएं दी है और दे रहे हैं। यहां के अनेक श्रावक-श्राविकाओं को पूज्यवर ने अपने श्रीमुख से विशिष्ट संबोधनों से संबोधित किया है। स्व. रामलाल गोल्छा को शासनभक्त, श्री हुलासचन्द गोल्छा को जैनरत्न तथा शासनसेवी, श्री तोलाराम दूगड़ को शासनसेवी, श्री अनूपचन्द नौलखा को अणुव्रतसेवी (मरणोपरान्त) तथा श्रीमती मघादेवी गोल्छा को 'श्रद्धा की प्रतिमूर्ति' से संबोधित किया।

कैसे पहुंचे विराटनगर

विराटनगर से काठमांडो तथा नेपाल के अन्य शहर हवाई तथा सड़क मार्ग से जुड़े हुए हैं। पूर्वी नेपाल के पहाड़ी दुर्गम स्थान से भी हवाई सम्पर्क है। भारत सीमा के जोगबनी रेलवे स्टेशन से दिल्ली, पटना और कोलकाता से रेल का सीधा सम्पर्क है। यहां से जोगबनी रेलवे स्टेशन आचार्यश्री के प्रवास स्थल से 7 किलोमीटर दूर है। कटिहार तथा न्यू जलपाईगुड़ी से भारत के सभी मुख्य शहरों से सीधा रेल सम्पर्क है। काठमांडो विमान स्थल से दिल्ली, कोलकाता, मुंबई से सीधी विमान सेवा उपलब्ध है। बागडोगरा से भारत के सभी मुख्य शहरों से विमान सुविधा उपलब्ध है। वहां से विराटनगर की दूरी 130 कि.मी. है।

हमारा सौभाग्य

संपूर्ण नेपाल देश तथा विशेषतः विराटनगर की धरा का यह परम सौभाग्य है कि तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें आचार्य बनने के बाद आचार्यश्री महाश्रमणजी का तेरापंथ की आचार्य परम्परा में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय चातुर्मास यहां हो रहा है। परम पूज्य आचार्यप्रवर ससंघ आगामी 22 जुलाई 2015 को विराटनगर पधार रहे हैं। पूज्यप्रवर के पावन सान्निध्य में शृंखलाबद्ध आयोजन होंगे। 9 नवम्बर 2014 को लालकिला दिल्ली से अहिंसा यात्रा का शुभारम्भ हो चुका है। इस अहिंसा यात्रा से सभी क्षेत्रों में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। विराटनगर का अतीत एवं वर्तमान गौरवशाली रहा है। परम पूज्य आचार्यवर की कृपापूर्ण शुभ दृष्टि से क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल से उज्ज्वलतर बनता रहेगा। इसी आशा व विश्वास के साथ विराटनगर का श्रावक समाज पूज्यप्रवर के चरणों में श्रद्धानत है।

नेपाल तथा भारत तथा अन्य देशों में प्रवासित धर्मसंघ के समस्त श्रावक-श्राविकाओं को हमारा सादर आमंत्रण है कि आप सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में विराटनगर पधारें और आचार्यप्रवर के सेवा-दर्शन का लाभ उठाएं। सभी का स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा, ऐसा विश्वास है।

निवेदक

दिनेश गोल्छा

009779852020321

अध्यक्ष, जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, विराटनगर

विजय पारख
महासचिव

मालचन्द सुराणा
अध्यक्ष, 009779852030335

आचार्यश्री महाश्रमण चातुर्मास व्यवस्था समिति, विराटनगर (नेपाल)

अध्यात्म ऊर्जा का केन्द्र : जैन विश्व भारती

विश्व इतिहास में मानव संस्कृति को सार्थक दिशा देने वाले महापुरुषों में क्रांतिकारी द्रष्टा, विश्वसंत गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी एवं आचार्यश्री महाप्रज्ञजी के स्वप्नों की साकार प्रतिमान जैन विश्व भारती की स्थापना शिक्षा, शोध साधना एवं सेवा के विशेष उद्देश्यों के साथ सन् 1970 में राजस्थान के नागौर जिले के लाडनूं नगर में हुई। जैन विश्व भारती अहिंसा और शांति का अनुपम सांस्कृतिक केन्द्र है। शिक्षा, शोध, साहित्य, साधना, सेवा, संस्कृति और समन्वय इन सात महान प्रवृत्तियों को अपने आप में समेटे हुए यह संस्था तपोवन का रूप ले चुकी है और यहां के प्रकंपन यह इंगित दे रहे हैं कि यह प्राचीन काल से कोई तपोभूमि रही है। तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी के आध्यात्मिक संरक्षण व निर्देशन में संस्था निरन्तर गतिशील है।

शिक्षा

जैन विश्व भारती की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर हुई थी उनमें से एक मुख्य प्रवृत्ति है–शिक्षा। इस उद्देश्य की पूर्ति यहां प्राथमिक से विश्वविद्यालय स्तर तक समस्त शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जैन विश्व भारती के तत्त्वावधान में वर्तमान में विमल विद्या विहार सीनियर सेकेण्डरी स्कूल तथा महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर एवं टमकोर संचालित हैं। मातृ संस्था जैन विश्व भारती के संरक्षण में जैन विश्व भारती विश्वविद्यालय से अब तक लगभग 45,000 विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है जिनमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने उच्च पदों पर पहुंच कर संस्था का गौरव बढ़ाया है।

भावी पीढ़ी में संस्कारों के संरक्षण तथा आध्यात्मिक व नैतिक शिक्षा के विकास की दृष्टि से **'समण संस्कृति संकाय'** के अंतर्गत जैन विद्या की शिक्षा प्रदान की जाती है।

मनुष्य के बौद्धिक विकास के साथ मानसिक, भावनात्मक और चारित्रिक विकास हेतु आचार्यश्री तुलसी एवं आचार्यश्री महाप्रज्ञजी ने **'जीवन विज्ञान'** की परिकल्पना प्रस्तुत की। ध्यान, योग एवं शिक्षण प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षा का यह क्रांतिकारी प्रयोग जैन विश्व भारती के अंतर्गत **'केन्द्रीय जीवन विज्ञान अकादमी'** द्वारा साकार हो रहा है।

सेवा

शिक्षा के साथ-साथ सेवा के क्षेत्र में भी जैन विश्व भारती अग्रणी है। जैन विश्व भारती परिसर में **'सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला'** तथा बीदासर में **'श्रीमद् आचार्यश्री तुलसी महाप्रज्ञ मानव कल्याण केन्द्र'** सुचारु रूप से संचालित हैं।

'सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला' द्वारा चिकित्सा सेवा विषयक जन-कल्याणकारी प्रवृत्ति का संचालन किया जाता है। यहां जिन औषधियों का निर्माण होता है वे आयुर्वेद विभाग से प्राप्त ड्रग मैन्युफैक्चरिंग लाइसेन्स के अंतर्गत जी.एम.पी. प्रमाणित हैं।

प्राकृतिक चिकित्सा, एक्युप्रेशर एवं फिजियोथेरेपी पद्धति से रोगियों की चिकित्सा हेतु **'श्रीमद् आचार्यश्री तुलसी मानव कल्याण केन्द्र'** की स्थापना जैन विश्व भारती की एक इकाई के रूप में बीदासर में की गई। यहां आधुनिक उपकरणों द्वारा व्यायाम की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में केन्द्र के अंतर्गत होमियोपैथिक चिकित्सा से रोगियों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है।

साधना

प्रेक्षाध्यान–आचार्यश्री महाप्रज्ञजी द्वारा निर्देशित प्रेक्षाध्यान पद्धति के निरंतर प्रयोग, प्रशिक्षण एवं शोध का केन्द्र है जैन विश्व भारती स्थित–**'तुलसी अध्यात्म नीडम्'**, जहां योग एवं अध्यात्म साधना के अभ्यास एवं प्रशिक्षण के द्वारा व्यक्ति के भाव परिष्कार व संवेग परिवर्तन के प्रयोग होते हैं। सन् 1978 में स्थापित तुलसी अध्यात्म नीडम् का उद्देश्य है–प्रेक्षाध्यान का प्रशिक्षण, विकास एवं अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करना।

अध्यात्म, योग और अन्य जीवनोपयोगी विषयों पर आधारित मासिक पत्रिका **'प्रेक्षाध्यान'** का विगत 31 वर्षों से जैन विश्व भारती के अंतर्गत तुलसी अध्यात्म नीडम् द्वारा प्रकाशन किया जा रहा है।

साहित्य

साहित्य प्रकाशन एवं वितरण–साहित्य प्रकाशन एवं वितरण जैन विश्व भारती की महत्त्वपूर्ण गतिविधि है। आगम, जैन विद्या, जीवन विज्ञान, प्रेक्षाध्यान आदि से संबंधित साहित्य के साथ आचार्य भिक्षु, श्रीमद् जयाचार्य, आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ, आचार्य महाश्रमण एवं साधु-साध्वियों, समण-समणीवृंद तथा शोधार्थियों द्वारा लिखित/सम्पादित साहित्य का प्रकाशन विगत लगभग 39 वर्षों से किया जा रहा है। जैन विश्व भारती गत 2-3 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अन्य प्रकाशकों के साथ मिलकर भी साहित्य प्रकाशन व वितरण का कार्य कर रही है।

शोध

जैन विश्व भारती की स्थापना के उद्देश्यों में **शोध** का विशेष स्थान है। पूज्य आचार्यश्री तुलसी ने इसकी स्थापना के उद्देश्यों में जैन धर्म एवं दर्शन के उच्च-स्तरीय शोध संस्थान की परिकल्पना सामने रखी थी। उसी परिकल्पना की सुखद परिणति स्वरूप जैन विश्व भारती की शोध प्रवृत्ति के अंतर्गत आगम सम्पादन का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कार्य हो रहा है। यह कार्य पूर्व में आचार्यश्री तुलसी व आचार्यश्री महाप्रज्ञजी एवं वर्तमान में आचार्यश्री महाश्रमणजी के निर्देशन में चल रहा है। आगम सम्पादन के प्रबन्धन का सारा दायित्व जैन विश्व भारती द्वारा निर्वहन किया जा रहा है।

हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपि विभाग–जैन विश्व भारती में अनेक प्राचीन एवं दुर्लभ जैन हस्तलिखित ग्रन्थ उपलब्ध हैं जिनकी सुरक्षा एवं संरक्षण जैन विश्व भारती के हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपि विभाग के अंतर्गत किया जा रहा है।

समन्वय

पुरस्कार एवं सम्मान–जैन विश्व भारती द्वारा कुल 10 पुरस्कारों का संचालन विभिन्न प्रायोजकों के सहयोग से किया जा रहा है। आचार्य महाप्रज्ञ साहित्य पुरस्कार, आचार्य तुलसी अनेकान्त सम्मान, आचार्य तुलसी प्राकृत पुरस्कार, संघ सेवा पुरस्कार, जय तुलसी विद्या पुरस्कार, आचार्य महाप्रज्ञ अहिंसा प्रशिक्षण सम्मान, महादेवलाल सरावगी जैन आगम मनीषी पुरस्कार, जीवन विज्ञान पुरस्कार, गंगादेवी सरावगी जैन विद्या पुरस्कार आदि पुरस्कारों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं देने एवं उल्लेखनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाता है और उनकी प्रतिभा का सम्यक् मूल्यांकन किया जाता है।

संस्कृति

तुलसी कलादीर्घा–जैन विश्व भारती में स्थित तुलसी कलादीर्घा (आर्ट गैलरी) में जैन धर्म को दर्शाने वाली प्राचीन एवं अर्वाचीन चित्रों एवं हस्तकलाओं की प्रचुर सामग्री का संग्रह किया गया है। दुर्लभ, कलापूर्ण, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व की प्रदर्शन योग्य सामग्री के साथ तेरापंथ के आचार्यों को सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से संबंधित प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं अन्य सामग्री को यहां पर शो विंडो में कलापूर्ण ढंग से सुसज्जित किया गया है।

उक्त सभी गतिविधियों के साथ सुरम्य हरीतिका से सुशोभित परिसर जैन विश्व भारती के बाह्य सौन्दर्य की मुखर कहानी कह रहा है। जैन विश्व भारती परिवार आप सभी को सादर आमंत्रित करता है। आप यहां पधारें एवं यहां संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। संस्था के विकास हेतु आपके अमूल्य सुझावों एवं विचारों का स्वागत है। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें–

जैन विश्व भारती
पोस्ट : लाडनूं - 341306, जिला : नागौर (राजस्थान)
फोन : (01581) 226025/80, फैक्स : 227280
ई-मेल : jainvishvabharati@yahoo.com
वेबसाईट : www. jvbharati.org

नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान

दुनिया में शक्ति का महत्त्व होता है। शक्तिहीन व्यक्ति अपने आप में रिक्तता अनुभव करता है। कभी-कभी शक्तिविहीन मनुष्य अपने आपको दयनीय और असहाय भी अनुभव करता है। सबसे बड़ी शक्ति आध्यात्मिक शक्ति होती है। अन्य शक्तियों का भी अपना-अपना महत्त्व होता है।

गुरुदेवश्री तुलसी और आचार्यश्री महाप्रज्ञ ने नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान का एक नया उपक्रम प्रारंभ किया। आचार्यश्री महाश्रमण के निर्देशन में वह उसी रूप में विधिवत् चल रहा है। उसका उद्देश्य है—आत्मशुद्धि और ऊर्जा का विकास। उसकी कालावधि आश्विन शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की निर्धारित की गई है। चैत्र शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की कालावधि में भी इसकी आराधना की जा सकती है। संपूर्ण विधि एवं समय सारिणी इस प्रकार निश्चित की गई है—

प्रातः ९.३० से १०.००

'चंदेसु निम्मलयरा आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु' — का पांच बार पाठ
चंदेसु निम्मलयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु — का तेरह बार पाठ
आइच्चेसु अहियं पयासयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु—का तेरह बार पाठ
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु — का तेरह बार पाठ
आरोग्ग बोहिलाभं, समाहिवरमुत्तमं दिंतु — का तेरह बार पाठ
सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु — का इक्कीस बार पाठ
'चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु।' — का पांच बार पाठ

ॐ ह्रीं क्लीं ब्लूं

धम्मो मंगलमुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो।
देवा वि तं नमंसंति, जस्स धम्मे सया मणो ॥१॥
जहा दुमस्स पुप्फेसु, भमरो आवियई रसं।
न य पुप्फं किलामेइ, सो य पीणेइ अप्पयं ॥२॥
एमेए समणा मुत्ता, जे लोए संति साहुणो।
विहंगमा व पुप्फेसु, दाणभत्तेसणे रया ॥३॥
वयं च वित्तिं लब्भामो, न य कोई उवहम्मई।
अहागडेसु रीयंति, पुप्फेसु भमरा जहा ॥४॥
महुकारसमा बुद्धा, जे भवंति अणिस्सिया।
नाणापिंडरया दंता, तेण वुच्चंति साहुणो ॥५॥— का सात बार पाठ

प्रातः १०.०० से १०.३०—आध्यात्मिक प्रवचन

मध्याह्न २.३० से ३.१५ आगम पाठ का स्वाध्याय।

(दसवेआलियं, उत्तरज्झयणाणि आदि के मूल पाठ का स्पष्ट व शुद्ध उच्चारण एवं व्याख्या)

पश्चिम रात्रि–४.४५ से ५.३०

उवसग्गहरं पासं (उपसर्गहर स्तोत्र) आदि पांच श्लोक एवं 'ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण' का नौ बार पाठ। फिर 'विघनहरण' का जप।

उपसर्गहर स्तोत्र

उवसग्गहरं पासं, पासं वंदामि कम्मघणमुक्कं।
विसहर-विसनिन्नासं, मंगल-कल्लाण आवासं ।।१ ।।
विसहर-फुलिंग-मंतं, कंठे धारेइ जो सया मणुओ।
तस्स गह-रोग-मारी, दुट्ठ जरा जंति उवसामं ।।२ ।।
चिट्ठउ दूरे मंतो, तुज्झ पणामो वि बहुफलो होइ।
नरतिरिएसु वि जीवा, पावंति न दुक्ख-दोहग्गं ।।३ ।।
तुह सम्मत्ते लद्धे, चिन्तामणि-कप्पपायपब्भहिए।
पावंति अविग्घेणं, जीवा अयरामरं ठाणं ।।४ ।।
इह संथुओ महायस! भत्तिब्भर-निब्भरेण हियएण।
ता देव! दिज्ज बोहिं, भवे भवे पास जिणचंद ।।५ ।।

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण पास
विसहर वसह जिण फुल्लिंग ह्रीं श्रीं नमः ।।

विघनहरण

विघनहरण मंगलकरण, स्वाम भिक्षु रो नाम।
गुण ओलख सुमिरण करै, सरै अचिंत्या काम ।।

जप और आगम-स्वाध्याय के साथ तप का योग भी आवश्यक माना गया है। तप में एकासन, आयंबिल, षड्विगय वर्जन, पंच विगय वर्जन और दस प्रत्याख्यान में से किसी एक तप की आराधना इस अवधि में की जाए। व्यक्तिगत इच्छा के अनुसार नौ दिनों तक एक ही तप अथवा वैकल्पिक तप की आराधना की जा सकती है।

निर्धारित कालावधि और करणीय क्रम को यथावत् रखते हुए स्थानीय सुविधानुसार समय में परिवर्तन भी किया जा सकता है। साधु-साध्वियों की भांति श्रावक-श्राविकाएं भी इसमें संभागी बन सकते हैं। संभागी श्रावक-श्राविकाओं के लिए निम्नांकित नियम भी अनुष्ठान काल में पालनीय हैं–

ब्रह्मचर्य का पालन, रात्रि भोजन-विरमण (चौविहार/तिविहार), जमीकंद का वर्जन।

अनुष्ठान का प्रारंभ प्रथम दिन प्रातः ९.३० से यानी प्रातःकालीन सत्र में किया जाए एवं अनुष्ठान का समापन रात्रि के ५.३० बजे यानी रात्रिकालीन सत्र में किया जाए।

जैन विश्व भारती : शिक्षा संपोषण योजना

शिक्षा' जीवन निर्माण की पहली आवश्यकता है। बिना शिक्षा प्राप्त किये कोई व्यक्ति अपनी परम ऊंचाईयों को नहीं छू सकता। जैन विश्व भारती के कल्पनाकार आचार्यश्री तुलसी ने जैन विश्व भारती की स्थापना के समय शिक्षा को महत्व देते हुए एक प्रमुख उद्देश्य के रूप में लक्षित किया एवं बौद्धिक शिक्षा के साथ–साथ मानवीय मूल्यों से युक्त शिक्षा के माध्यम से संस्कार निर्माण कर सर्वांगीण व्यक्तित्व के निर्माण का चिंतन सामने रखा। जैन विश्व भारती एक सक्षम ज्ञान का केन्द्र बने, जहां शिक्षा के साथ संस्कारों का संगम हो, इसी भावना के आधार पर यहां प्राथमिक शिक्षा स्तर से उच्चतर शिक्षा स्तर तक समस्त शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जा रही है। जैन विश्व भारती के संरक्षण में संचालित जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) सहित विमल विद्या विहार उच्च माध्यमिक विद्यालय, महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, टमकोर व महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर शिक्षण संस्थानों के रूप में संचालित किये जा रहे हैं, जिनमें स्कूली शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी समान रूप से प्रदान की जाती है।

जैन विश्व भारती अपनी विभिन्न शिक्षण संबंधी इकाईयों के माध्यम से 'शिक्षा' के विकास के द्वारा हमारे पूज्यवरों के स्वप्नों के अनुरूप आधुनिक शिक्षा प्रणाली में नैतिक मूल्यों का समावेश करते हुए स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण की दिशा में सतत अग्रसर है विश्वविद्यालय एवं उक्त विद्यालयों में अनेक जरूरतमंद एवं मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षण की व्यवस्था है। उच्च शिक्षण स्तर को बनाये रखते हुए आधुनिक संसाधनों एवं सुविधाओं का समावेश निरन्तर किया जा रहा है।

जैन विश्व भारती की शिक्षा इकाईयों के समुचित विकास की दृष्टि से **'शिक्षा संपोषण योजना'** प्रारम्भ की गई है। इस योजना के अन्तर्गत अनुदानदाता के लिए दो श्रेणियां निर्धारित की गई है–

01. शिक्षा संपोषक : कोई भी व्यक्ति **रू. 1 लाख** की अनुदान राशि प्रदान कर शिक्षा संपोषक के रूप में इस योजना में सहयोगी एवं सहभागी बन सकता है।

02. शिक्षा सहयोगी : कोई भी व्यक्ति **रू. 11 हजार** की अनुदान राशि प्रदान कर शिक्षा सहयोगी के रूप में इस योजना में सहयोगी एवं सहभागी बन सकता है।

उक्त योजना के अन्तर्गत प्राप्त राशि का उपयोग शिक्षा संबंधी इकाईयों के विकास व विस्तार तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क शिक्षण के रूप में किया जायेगा। जैन विश्व भारती को देय अनुदान पर आयकर अधिनियम 1960 की धारा 80जी के अन्तर्गत छूट उपलब्ध है।

पूज्यवरों के स्वप्नों के अनुरूप शिक्षा के विकास एवं जैन विश्व भारती के इस मिशन को साकार करने में आपका सहयोग एवं सहभागिता सादर अपेक्षित है।

धरमचंद लुंकड़	मनोज लूणिया	प्यारेलाल पितलिया	अमरचंद लुंकड़	अरविन्द गांठी
अध्यक्ष	राष्ट्रीय संयोजक, शिक्षा विभाग	मुख्य न्यासी	राष्ट्रीय सह–संयोजक, शिक्षा विभाग	मंत्री
(9840166699)	(9863022275)	(9841036262)	(9840044428)	(9810114949)

जैन विश्व भारती : साहित्य संपोषण योजना

जैन विश्व भारती वह विविधमुखी गतिविधियों में साहित्य प्रकाशन एवं वितरण एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। आगम, जैन विद्या, जीवन विज्ञान से संबंधित साहित्य के साथ धर्मसंघ के आचार्यों, चारित्रात्माओं, समण-समणीवृंद तथा शोधार्थियों द्वारा लिखित/संपादित साहित्य का प्रकाश संस्था द्वारा विगत लगभग चार दशकों से किया जा रहा है। यह साहित्य प्रचार-प्रसार की दृष्टि से अधिक से अधिक पाठकों को सुलभ मूल्य पर उपलब्ध करवाने हेतु जैन विश्व भारती को समाज के अनेक उदारमना महानुभावों का साहित्य प्रकाशन में निरंतर आर्थिक सहयोग प्राप्त होता रहता है। जैन विश्व भारती सभी उदारमना महानुभावों के सहयोग हेतु हार्दिक आभार ज्ञापित करती है। वर्तमान में जैन विश्व भारती के साहित्य प्रकाशन हेतु निम्नलिखित श्रेणियों के अंतर्गत अनुदान प्रदान किया जा सकता है–

संपोषण योजना

1. कोई भी व्यक्ति साहित्य प्रकाशन हेतु रु. 5 लाख का अनुदान देकर 'साहित्य संपोषक' बन सकता है।
2. प्राप्त अनुदान राशि जैन विश्व भारती के अंतर्गत साहित्य प्रकाशन हेतु गठित विशेष कोष में जमा होगी।
3. साहित्य संपोषक को पूज्यप्रवर के सान्निध्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम में राशि प्राप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के साहित्य संपोषक के रूप में जैन विश्व भारती द्वारा मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।
4. जैन विश्व भारती द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका 'कामधेनु' एवं 'विज्ञप्ति' में साहित्य संपोषक का नामोल्लेख किया जाएगा।
5. जिस वित्तीय वर्ष में साहित्य संपोषक की अनुदान प्राप्त होगी उस वित्तीय वर्ष से आगामी पांच वर्षों तक उसे प्रतिवर्ष जैन विश्व भारती द्वारा प्रकाशित संपूर्ण नवीन साहित्य की एक प्रति निःशुल्क प्रेषित की जाएगी।

साहित्य सहयोगी

1. कोई भी व्यक्ति साहित्य प्रकाशन हेतु रु. 1 लाख का अनुदान देकर 'साहित्य सहयोगी' बन सकता है।
2. प्राप्त अनुदान राशि जैन विश्व भारती के अंतर्गत साहित्य प्रकाश हेतु गठित विशेष कोष में जमा होगी।
3. साहित्य सहयोगी को पूज्यप्रवर के सान्निध्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम में राशि प्राप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के साहित्य सहयोगी के रूप में जैन विश्व भारती द्वारा मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।
4. जैन विश्व भारती द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका 'कामधेनु' में साहित्य सहयोगी का नामोल्लेख किया जाएगा।
5. जिस वित्तीय वर्ष में साहित्य सहयोगी की अनुदान राशि प्राप्त होगी उसे उस वर्ष जैन विश्व भारती द्वारा प्रकाशित संपूर्ण नवीन साहित्य की एक प्रति निःशुल्क प्रेषित की जाएगी।

जैन विश्व भारती को देय अनुदान पर भारत सरकार के आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80जी के अंतर्गत छूट उपलब्ध है। योजना में सम्पूर्ण समाज के सहयोग एवं सहभागिता हेतु सादर निवेदन।

धरमचंद लुंकड़	मदनचंद दूगड़ 'जौहरी'	प्यारेलाल पितलिया	मांगीलाल छाजेड़	अरविन्द गोठी
अध्यक्ष	राष्ट्रीय संयोजक, साहित्य विभाग	मुख्य न्यासी	राष्ट्रीय सह–संयोजक, साहित्य विभाग	मंत्री
(9840166699)	(9821222136)	(9841036262)	(9322519155)	(9810114949)

जय भिक्षु

अर्हम्

जय तुलसी

॥ जय जय ज्योति चरण - जय जय महाश्रमण ॥

जिसका वर्तमान स्वस्थ है, ठीक है, सुंदर है,
उसका भविष्य कभी बुरा नहीं हो सकता।

- आचार्य तुलसी

अहिंसा यात्रा
सद्भावना • नैतिकता • नशामुक्ति

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

श्रीमती कमला बाई - स्व. श्री मानमल जी आच्छा
सुरेश-सुशील-महेन्द्र आच्छा, सिरियारी - चिक्कमंगलुर

Kishore Textiles

Textiles - Silks - Coffee - Pepper

M.G. Road, Chikkamagaluru - 577101
Ph. : 08262-230208 Mob. : 94482 02108, 98440 44940, 98442 44940
Email : texkishore@rediffmail.com. sushil_accha@rediffmail.com

घड़ी की सुई अपने नियम से चलती है।
इसलिए लोग उस पर विश्वास करते हैं।
नियम का सम्मान करो, विश्वास अपने आप बढ़ेगा

- आचार्य महाप्रज्ञ

हर वक्त चिन्तनरत मत रहो।
चिन्तन के समय चिन्तन करो, दत्तचित्त होकर करो,
इससे अन्य कार्य भी बाधित नहीं होंगे,
चिन्तन भी अच्छा होगा।

- आचार्य महाश्रमण

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

प्यारेलाल, विनोद, संजय, सुनील, विनीत, वंश, अंश, वीर पितलिया

माण्डा (राजस्थान) - चेन्नई

अहिंसा यात्रा

सद्भावना • नैतिकता • नशामुक्ति

अहिंसा यात्रा : संकल्प

- मैं सद्भावपूर्ण व्यवहार करने का प्रयत्न करूंगा।
- मैं यथासंभव ईमानदारी का पालन करूंगा।
- मैं नशामुक्त जीवन जीऊंगा।

3 देश

12 राज्य

10000 से अधिक

किलोमीटर की पदयात्रा

भारत

नेपाल

भूटान

अणुव्रत अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण जी की अहिंसा यात्रा मंगलमय हो

वर्ष 2015 के लिए निर्धारित कार्य योजना

1. अणुव्रत आचार संहिता का प्रचार-प्रसार। 2. ज्यादा से ज्यादा लोगों को अणुव्रती बनाना। 3. अहिंसा यात्रा में सहभागिता निभाना। 4. अहिंसा यात्रा के उद्देश्य : सद्भावना, नैतिकता एवं नशामुक्ति का जन-जन में प्रचार-प्रसार। 5. विद्यालयों में अणुव्रत नियमावली का आलेखन। 6. नशामुक्ति चेतना अभियान। 7. पर्यावरण शुद्धि अभियान। 8. चातुर्मास में वर्गीय अणुव्रत पर संगोष्ठियां : (क) उद्योगपति-व्यापारी अणुव्रत 23 अगस्त 2015 (ख) शिक्षक-विद्यार्थी अणुव्रत 13 सितम्बर 2015 (ग) राज्य सेवी अणुव्रत 11 अक्टूबर 2015 (ङ) किसान अणुव्रत 22 नवम्बर 2015

सभी अणुव्रत समितियों एवं अणुव्रत कार्यकर्ताओं से विनम्र अनुरोध है कि उपरोक्त कार्ययोजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर इसमें सहभागी बनें।

डालचन्द कोठारी
अध्यक्ष (93222-29709)

:: निवेदक ::
अणुव्रत महासमिति

मर्यादा कुमार कोठारी
महामंत्री (94141-34340)

अणुव्रत भवन, तीसरा तल्ला, 210 दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110002 फोन: 011-23233345

विषय-प्रवेश

कोष्ठक विवरण

जय-तिथि-पत्रक का पहला कोष्ठक अंग्रेजी दिनांक का है और फिर वार का है। उसके बाद तिथि का कोष्ठक है। उसके आगे के दो कोष्ठक में क्रमशः इतने बजे व मिनट तक का संकेत है। छठा कोष्ठक नक्षत्र का है। सातवें व आठवें में नक्षत्र के कितने बजे व मिनट तक का सूचन है। नौवें व दसवें में क्रमशः सूर्योदय व सूर्यास्त कितने बजे होता है इसका निदर्शन है। सूर्योदय व सूर्यास्त लाडनूं को केन्द्र मानकर स्टेण्डर्ड टाइम में दिया गया है। ग्यारहवें कोष्ठक में प्रथम प्रहर कितने बजे आती है तथा बारहवें कोष्ठक में दिन का एक प्रहर कितने घंटे व मिनट का होता है, इसका दिग्दर्शन है। तेरहवें कोष्ठक में चन्द्रमा तथा चौदहवें कोष्ठक में विशेष विवरण के अंतर्गत योग तथा भद्राकाल है। ये भी बजे व मिनट के क्रम से हैं।

तिथि-पत्रक में बजे-मिनट रेलवे समय-सारिणी पद्धति से दिये गये हैं। मध्य रात्रि में १२ बजे से रेलवे समय सारिणी के अनुसार २४ बजे होता है, के बाद ०० समय से शुरू कर २४ बजे तक २४ घंटे मानते हुए चलता है। जैसे–बैशाख कृष्णा द्वितीया २१/११ बजे है। इसका तात्पर्य है–यह तिथि उस दिन २१ बजकर ११ मिनट तक है। अर्थात् रात्रि में ९ बजकर ११ मिनट तक है। चैत्र शुक्ला पूर्णिमा १७/३७ बजे है। इसका अर्थ है यह तिथि उस दिन सायं ५ बजकर ३७ मिनट तक रहेगी। इसी तरह चैत्र शुक्ला द्वादशी को मघा नक्षत्र १४/४७ बजे है। अर्थात् उस दिन दोपहर २ बजकर ४७ मिनट तक है।

तिथि व नक्षत्र के बजे-मिनट बराबर में हैं। वे बजे, मिनट से स्पष्ट हैं। चंद्रमा के आगे संख्या ऊपर नीचे हैं। चंद्रमा के ऊपर वाली संख्या बजे व नीचे वाली मिनट है। जैसे–चैत्र शुक्ला प्रतिपदा को चंद्रमा मेष राशि में $\frac{०६}{३१}$ अर्थात् प्रातः ६ बजकर ३१ मिनट पर मेष राशि में प्रवेश करेगा। चंद्रमा के लिए इतना विशेष है कि उसका प्रवेश काल दिया है। विशेष विवरण स्पष्ट है। इसमें योग व अन्य के आगे संख्या बराबर में हैं।

तिथि, नक्षत्र आदि के साथ जहां शून्य (०) अंकित है, वह उस दिन 'पूरे दिन और पूरी रात' है अर्थात् वह तिथि या नक्षत्र उस दिन सूर्योदय से पूर्व शुरू हो गया और दूसरे दिन सूर्योदय होने के बाद तक रहा। वह समय अगले दिन की पंक्ति में है। जैसे–चैत्र शुक्ला दशमी को पुष्य नक्षत्र के आगे (०) अंकित है जिससे यह नक्षत्र पूरे दिन-रात है। चैत्र शुक्ला एकादशी (प्रथम) के आगे (०) अंकित है अर्थात् यह तिथि पूरे दिन-रात है।

सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय होने के ठीक पहले तक का समय "रात्रि समय" और उसके बाद "दिवा समय" होता है।

विशेष विवरण के कोष्ठक में प्रदत्त योगों के सांकेतिक अक्षरों में पूर्ण नाम इस प्रकार हैं :–

- र.–रवि योग (शुभ व कुयोगनाशक)
- अ.–अमृत सिद्धि योग (शुभ)
- राज.–राजयोग (शुभ)
- कु.–कुमार योग (शुभ)

- सि.–सिद्धि योग (शुभ)
- मृ.–मृत्यु योग (अशुभ)
- व्या.–व्याघात योग (अशुभ)
- वै.–वैधृति (अशुभ)
- व्य.–व्यतिपात योग (अशुभ)
- ज्वा.–ज्वालामुखी योग(अशुभ)
- पं.–पंचक (अशुभ) घास, लकड़ी एकत्र करने, घर की छत बनाने, दक्षिण यात्रा करने में वर्जित।
- भ.–भद्राकाल (शुभ-अशुभ दोनों)
- यम.–यमघंट योग (अशुभ)

नोट : शास्त्रीय मान्यता है कि मध्याह्न के पश्चात् अशुभ योगों का दोष नहीं रहता।

भद्रा-काल

श्रेष्ठ कार्यों में भद्रा-काल होना वर्जित है, किन्तु शास्त्रकारों ने भद्रा को शुभ भी माना है, जो इस प्रकार है–मेष, वृष, मिथुन और वृश्चिक के चंद्रमा में भद्रा का वास स्वर्ग में रहता है। यह भद्राकाल शुभ और ग्राह्य है।

कन्या, तुला, धनु और मकर के चन्द्रमा में भद्रा का वास नागलोक (पाताल) में रहता है। यह भद्राकाल भी लक्ष्मीदायक-धनदायक होने से शुभ है।

कुंभ, मीन, कर्क और सिंह के चंद्रमा में भद्रा का वास मृत्युलोक में होता है। यह अशुभ है, इसलिए शुभ कार्यों में सर्वथा वर्जनीय है।

भद्राकाल समय-विशेष के साथ शुभ भी बताया है।

शुक्ल पक्ष की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और कृष्ण पक्ष की भद्रा सर्वसंज्ञक है। मतान्तर से रात्रि की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और दिन की भद्रा सर्वसंज्ञक है। सर्वसंज्ञक भद्रा के मुख की पांच घटी (२ घंटा) और वृश्चिक संज्ञक भद्रा की पुच्छ की तीन घटी (१ घंटा १२ मि.) शुभ कार्य में त्याज्य है।

तिथि-पत्रक के विवरण पृष्ठों के बाद कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर व जोधपुर–इन छह शहरों के महीने की पहली व पन्द्रहवीं तारीख के सूर्योदय व सूर्यास्त का समय दिया गया है।

समय-सारिणी के बाद नक्षत्र के नाम का अक्षर और राशि की तालिका है। फिर राशि स्वामी एवं गुरु दर्शन के नक्षत्र हैं। फिर घातचक्र है। इसके बाद यात्रा में चंद्र विचार, योगिनी विचार चक्र, दिशाशूल विचार चक्र तथा काल-राहू विचार चक्र है। इनसे अगले पृष्ठ पर सुयोग-कुयोग चक्र है। अंतिम पृष्ठ पर पोरसी प्रमाण, राहुकाल, दिन एवं रात्रि के चौघड़िये हैं।

चौघड़िया-अवलोकन

दिन का चौघड़िया सूर्योदय से प्रारंभ होता है तथा रात्रि का चौघड़िया सूर्यास्त से प्रारंभ होता है। एक दिन में आठ चौघड़िये व रात्रि में आठ चौघड़िये होते हैं।

चौघड़िया का काल दिन-रात छोटे-बड़े होने के अनुसार न्यूनाधिक होता रहता है। प्रत्येक दिन के सूर्योदय से सूर्यास्त तक की समयावधि को आठ से विभाजित करने पर जो एक भाग प्राप्त होगा वह उस दिन में एक चौघड़िया का मान होगा, अर्थात् दिन की समयावधि का आठवां हिस्सा एक चौघड़िया होता है। इसी प्रकार सूर्यास्त से अगले सूर्योदय तक की समयावधि को आठ से विभाजित करने से प्राप्त होने वाला एक हिस्सा रात्रि के चौघड़िये का मान होता है। अर्थात् रात्रि की समयावधि का आठवां हिस्सा रात्रि का एक चौघड़िया होता है।

चौघड़िये में उद्वेग, काल और रोग–ये तीन अशुभ हैं। शेष तीन लाभ,

अमृत और शुभ–ये चौघड़िये श्रेष्ठ होते हैं। शुक्र के अर्थात् चल (चंचल) वेला के चौघड़िये को भी अच्छा मानते हैं। श्रेष्ठ चौघड़िये में सभी कार्य करने प्रशस्त हैं। अमृत का चौघड़िया सभी शुभ कार्यों में अत्युत्तम है।

इस तिथि-पत्रक में लाडनूं को केन्द्र मानकर सूर्योदय एवं सूर्यास्त दिया गया है। उससे पूर्व दिशा वाले स्थानों में प्रति तीस किलोमीटर पर एक-एक मिनट पहले सूर्योदय व सूर्यास्त होगा। उससे पश्चिम दिशा वाले स्थानों में प्रति तीस किलोमीटर पर एक-एक मिनट बाद में सूर्योदय व सूर्यास्त होगा। लाडनूं अक्षांश २७°-४०', उत्तर पर है। रेखांश ७४°-२४' पूर्व है। अयनांश २३° १७'-१८' रेखांतर ३२ मिनट २० सैकिण्ड है। बेलान्तर+२ मिनट ३२ सैकिण्ड है। पलभा ६-१० है।

धार्मिक उपासना में पर्व तिथियों का अपना महत्त्व होता है। पक्खी आदि का प्रतिक्रमण तिथि के आधार पर करना पड़ता है। पहले इसे 'पक्खी' के नाम से संत तैयार करते थे। उसे हर सिंघाड़े (ग्रुप) को एक-एक दे दिया जाता था, बाद में 'लघु-पंचांग' के नाम से श्री हनूतमलजी सुराणा (चूरू) छपाने लग गये। परमाराध्य गुरुदेव व आचार्यवर की दृष्टि से पिछले कई वर्षों से इसका संपादन संतों द्वारा होने लगा। 'लघु पंचांग' के बाद 'जय पंचांग' के रूप में सामने आया। सन् १९८४ से इसका संपादन मेरे द्वारा होने लगा। वर्तमान में यह **'जय-तिथि-पत्रक'** के नाम से प्रकाशित हो रहा है।

२७ नवम्बर २०१४ — **मुनि सुमेर (लाडनूं)**

अणुव्रत भवन, दिल्ली

विशेष अवगति

वर्ष के दिन–इस वर्ष मास १३, पक्ष २६, तिथि क्षय १९, तिथि वृद्धि १३, कुल दिन ३८४

गाज बीज की अस्वाध्याय नहीं–आषाढ़ (प्र.) शुक्ला ६, सोमवार, दिनांक २२ जून २०१५ से आश्विन शुक्ला ११/१२, शनिवार, दिनांक २४ अक्टूबर २०१५ तक।

चंद्र ग्रहण (i) चैत्र शुक्ला १५, शनिवार, दिनांक ४ अप्रैल २०१५
(ii) भाद्रपद शुक्ला १५, सोमवार, दिनांक २८ सितम्बर २०१५
(iii) फाल्गुन शुक्ला १५, बुधवार, दिनांक २३ मार्च २०१६

सूर्य ग्रहण–फाल्गुन कृष्णा ३०, बुधवार, दिनांक ९ मार्च २०१६

मलमास–(i) वर्ष प्रारंभ से वैशाख कृष्णा १०, मंगलवार, दिनांक १४ अप्रैल २०१५ तक रहेगा। यह पिछले वर्ष चैत्र कृष्णा ९, रविवार, दिनांक १५ मार्च २०१५ से प्रारंभ हो चुका था।
(ii) मार्गशीर्ष शुक्ला ६, गुरुवार, दिनांक १७ दिसम्बर २०१५ से प्रारंभ, पौष शुक्ला ५, गुरुवार, दिनांक १४ जनवरी २०१६ को संपन्न।
(iii) फाल्गुन शुक्ला ६, सोमवार, दिनांक १४ मार्च २०१६ से प्रारंभ, अगले वर्ष में चलेगा।

तारा– (१) गुरु अस्त–श्रावण कृष्णा १४, गुरुवार, दिनांक १३ अगस्त २०१५ से प्रारंभ, भाद्रपद कृष्णा ११, मंगलवार, दिनांक ८ सितम्बर २०१५ को संपन्न।
(२) शुक्र अस्त–श्रावण कृष्णा ८, शुक्रवार, दिनांक ७ अगस्त २०१५ से प्रारम्भ, श्रावण शुक्ला ५ (द्वि.), गुरुवार, दिनांक २० अगस्त २०१५ को सम्पन्न।

नोट–ग्रहण, मलमास तथा गुरु, शुक्र के अस्तकाल में विशिष्ट शुभ कार्य वर्जनीय हैं।

विशेष ज्ञातव्य

(क) विशेष मुहूर्त्त

(१) अभिजित मुहूर्त्त, (२) रवियोग, (३) अमृत का चौघड़िया

(४) दीपावली का प्रदोषकाल (सूर्यास्त से दो घड़ी-४८ मिनट तक)

